
## खबर संक्षेप



### आम खाने पेड़ पर चढ़ा, तार की करंट से मौत

**महासमुंद।** बोरवेल के विद्युत तार की चपेट में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम पौंसरा निवासी संदीप साहू (19) पौंसरा -बरपेलाडीह मार्ग स्थित तालाबनुमा डबरा में नहाने गया था। तालाब किनारे पेड़ से आम तोड़कर खाने वह पेड़ पर चढ़ गया। इस दौरान वह बोरवेल के तार की करंट की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई। साथ में गए युवक ने घटना की जानकारी उनके परिजनों को दी।

### रिटायर्ड शिक्षक से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम बानीपाली निवासी रिटायर्ड शिक्षक के साथ मारपीट करने वाले दो लोगों के खिलाफ बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को रिटायर्ड शिक्षक भोगीलाल पटेल निवासी बानीपाली ने अपनी शिकायत में बताया कि 24 अप्रैल की सुबह करीबन 7.30 बजे वह अपने घर में था, तभी गांव के चंद्रशेखर नायक पिता राजकुमार नायक, राजकुमार नायक पिता सेतलाल नायक घर के अंदर आए और हमारे द्वारा बनाए जा रहे मकान में तहसील कार्यालय में जाकर स्टे लगवाए हो कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। प्रार्थी द्वारा स्टे नहीं लगाए जाने की बात कहने के बावजूद उन्होंने मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 333, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### आधी रात घर घुसकर महिला से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम चारभांठा में आधी रात घर घुसकर महिला से मारपीट करने वाले अज्ञात आरोपी के खिलाफ बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को खुशबाई धृतलहरे निवासी ग्राम चारभांठा ने बताया कि 24 अप्रैल की रात में लगभग 1:30 बजे कोई अज्ञात व्यक्ति उसके घर में घुस आया और उसके गले की माला में आलमारी की चाबी थी, उसे निकालने का प्रयास करने लगा, लेकिन वह जाग गई। तब अज्ञात व्यक्ति द्वारा लोहे के राड या डंडे से चेहरा को मारा। चिल्लाने से उसकी लड़कियां जमीला, नीतू तथा लकेश्वरी जग गई, तब अज्ञात व्यक्ति भाग निकला। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 332(सी) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## अनदेखी : अवैध भंडारण पर अब तक विभाग की निगाह नहीं

# रेत का अवैध उत्खनन के बाद अब हो रहा है बेजा भंडारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- रेत के उत्खनन पर लगातार कार्रवाई लेकिन, भंडारण पर नही पड़ रही नजर



अवैध उत्खनन के पश्चात अब महानदी के दोनों ओर नदी के किनारे के गांवों में रेत का अवैध भंडारण शुरु हो गया है। उक्त अवैध भंडारण की गई रेत पर अब तक विभाग की निगाह नही है और न ही अब तक कोई कार्रवाई की जा सकी है। बता दें कि बारिश के दिनों में महंगे दामों पर बेचने के लिए उत्खनन माफियाओं द्वारा भारी मात्रा में भंडारण किया गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हाल ही में गढ़सिवनी में हुए निर्बाध अवैध उत्खनन से निकाली गई रेत मोहकम के आसपास डंप की गई है। लेकिन, ग्रामीणों द्वारा खनिज विभाग में की गई शिकायत के बाद भी कार्रवाई नही की गई।

## अवैध रेत उत्खनन और परिवहन को लेकर 11 ग्राम पंचायतों को नोटिस

अनुभाग अंतर्गत आने वाले 11 ग्राम पंचायतों के सरपंच और समस्त पंचों को खनन मामले में एसडीएम हरिशंकर पैकरा ने नोटिस जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि ग्राम पंचायत के सीमा क्षेत्र के नदी नाले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। जिस पर तत्काल रोक लगाएं। उन्होंने ग्राम पंचायत बरबसपुर, कनेकेरा, गढ़सिवनी, अछोला, लहंगर, पीढ़ी, अमलोर, चुहरी, सिरपुर, चिंगरौद और पासिद के सरपंच को नोटिस जारी कर कहा है कि यह संज्ञान में आ रहा है आपके ग्राम पंचायत अंतर्गत नदी/नाले में अवैध रूप से रेत उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। छग पंचायत राज अधिनियम 1993 तथा गौण खनिज नियम, 1996 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अर्न्तगत स्थित शासकीय संपत्तियों की सुरक्षा एवं संवर्धन की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की है। आपके द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन दृढ़ता पूर्वक नहीं किया जा रहा है, लापरवाही बरती जा रही है, जिससे की शासकीय राशि की हानि हो रही है। अतः अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाना सुनिश्चित करें अन्यथा आपके विरूद्ध छग पंचायत राज अधिनियम 1993 के अन्तर्गत धारा 39/40 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। आदेश में 8 मई को सुबह 11 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर दस्तावेजमय सहित अपना पक्ष रखने कहा गया है, नहीं तो एक पक्षीय कारवाई की जाएगी।



### दो दिन में चार ट्रैक्टर और एक चैन माउंटेन वाहन जब्त

खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए हाल ही में चार ट्रैक्टर और एक चैन माउंटेन को जब्त किया गया। मंगलवार को ग्राम सांकरा जोंक नदी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए चार ट्रैक्टर वाहनों को रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वहीं, बुधवार को खनिज विभाग की टीम ने पिथौरा के नदी चरौदा में जोंक नदी में एक चैन माउंटेन मशीन को अवैध रेत उत्खनन करते हुए जब्त किया। उक्त वाहनों को जब्त कर थाने के सुपूर्द किया गया।

### दोषियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई: लंगेह



कलेक्टर विनय लंगेह ने हरिभूमि को बताया कि जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए खनिज विभाग का विशेष अभियान सतत जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### परिवाद पेश करने की तैयारी: योगेंद्र सिंह

खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए की जा रही सतत कार्रवाई के क्रम में उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकरण में 2 से 5 वर्षों की सजा का प्रावधान है और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा।

## डेढ़ लाख की हाथ भट्ठी शराब व 3 लाख रुपए का लाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आबकारी वृत्त सरायपाली, बसना और पिथौरा, सांकरा की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आमादरहा नाले के पास जंगल में हाथ भट्ठी शराब निर्माण अड्डे पर छापा मारकर 650 बल्क लीटर महुआ शराब (कीमत 1.30 लाख रुपए), 6 क्विंटल लाहन (कीमत 3 लाख रुपए) जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया वहीं एक फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को मुखबिर की सूचना पर आमादरहा नाले के समीप हाथ भट्ठी महुआ शराब भट्ठी पर उक्त तीनों वृत्तों की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई की। टीम को दूर से आता देखकर शराब निर्माण में लगा एक व्यक्ति भाग निकला वहीं टीम ने मौके से श्याम लाल खुंटे को गिरफ्तार किया। पूछताछ में फरार हुए व्यक्ति का नाम अर्जुन जोल्हे बताया। संयुक्त टीम ने शराब, लाहन आदि जब्त कर छग आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) (क) (च), 34 (2) 59 (क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। कार्रवाई में उप निरीक्षक दरसराम सोनी, हृदयराम तिरपुड़े, मिर्जा जफर बेग आदि शामिल रहे।

### 27 लीटर देशी शराब जब्त

इसी तरह संयुक्त टीम ने गोकुल चौहान को 27 लीटर देशी शराब के साथ पकड़ा। दोपहिया वाहन सीजी 06-जीएस-3678 तथा 12 हजार रुपए कीमत की देशी मदिरा जब्त कर धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई। उपरोक्त टीम के अलावा इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक राज किशोर पांडे भी शामिल रहे।

## सोने का हार चोरी

**महासमुंद।** शादी कार्यक्रम में आई एक महिला का सोने का गुलबंद हार चोरी हो गया। मामले में खल्लारी थाने में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी प्रेमलाल साहू निवासी ग्राम मरारकसही बाहरा ने बताया कि 12 से 15 अप्रैल के बीच भतीजा पुष्पेंद्र कुमार साहू के विवाह कार्यक्रम था। इस दौरान उसकी भांजी होशिका साहू भी घर आई थी। 14 अप्रैल को उसे पता चला कि होशिका साहू जो अपने सोने का गुलबंद हार कीमत 64670 को मायन नाचा कार्यक्रम के पश्चात उक्त जेवर को निकालकर मेरे घर के आलमारी में अन्य महिलाओं के जेवरात वाले थैले में रखी थी। लेकिन, थैले को जब खोला गया तो उसमें अन्य जेवरात थे। किंतु, उसकी भांजी का सोने का गुलबंद हार नहीं था, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305(ए), 333 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## ओडिशा निर्मित महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने खेमड़ा सिमगांव धान मंडी तालाब के पास एक व्यक्ति के कब्जे स ओडिशा निर्मित महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने सूचना मिलने पर आरोपी श्याम यादव पिता भुनेश्वर यादव (38 साल) वार्ड नं 11 डबरापारा बागबाहरा के कब्जे से 30 नग हिरण छाप ओडिशा राज्य निर्मित देशी महुआ शराब कीमत 1500 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया पर स्कूल में दारू और बकरा पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)




एक ओर जहां समूचा देश भगवान परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया का पर्व श्रद्धा, भक्ति और आस्था के साथ मना रहा था। वहीं दूसरी ओर पिथौरा नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आस्था को ठेस पहुंचाने वाली घटना सामने आई है। उक्त दिन विद्यालय में सेवारत शिक्षिका कमलजीत जोसेफ और लिपिक तनसिंह वर्मा का विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय परिसर में ही बकरा पार्टी और ब्रांडेड शराब का सेवन किया गया। इस आयोजन ने न केवल पर्व की पवित्रता को ठेस पहुंचाई, बल्कि शिक्षा के मंदिर की मर्यादा को भी तार-तार कर दिया।

विद्यालय परिसर में शिक्षकों द्वारा इस तरह का आयोजन किया जाना न केवल निंदनीय है, बल्कि यह समाज में गलत संदेश भी देता है। हिंदू धर्म में भगवान परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया का विशेष महत्व है, ऐसे में इस दिन इस प्रकार का आयोजन श्रद्धालु समाज की भावना को आहत करने वाला है। हालांकि, इस संबंध में स्पष्टीकरण देते हुए शिक्षकों का कहना है कि उन्हें पर्व का ध्यान नहीं रहा और अनजाने में पार्टी रखी गई। उनका यह भी कहना है कि बकरा स्कूल परिसर में नहीं पकाया गया था, बल्कि उसे बाहर से लाकर केवल विद्यालय में मांसाहारी भोजन किया गया। यह मामला अब चर्चा का विषय बन चुका है, और क्षेत्र के लोगों में इसको लेकर नाराजगी देखी जा रही है।

### ...ख्याल नहीं रहा

त्यौहार का ख्याल नहीं रहा और अनजाने में बकरे की सब्जी बनाई थी, जिसके लिए खेद है। वहीं बकरा स्कूल परिसर में नहीं पकाया गया था। बल्कि, बाहर पकाकर सब्जी स्कूल में लाया गया।

**-आशाराम बरिहा प्राचार्य,** शासकीय कन्या उमावि पिथौरा

## पीएम आवास, सर्वेक्षण की समय-सीमा 15 तक

**महासमुंद।** भारत सरकार ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत अतिरिक्त पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान हेतु चल रहे आवास प्लस 2024 सर्वेक्षण की समय-सीमा को बढ़ा दिया है। अब यह सर्वेक्षण 15 मई 2025 तक पूरा किया जा सकेगा। इससे पहले यह समय-सीमा 30 अप्रैल, 2025 निर्धारित की गई थी। इस विस्तार का उद्देश्य सर्वेक्षण प्रक्रिया को पूरी गंभीरता से संपन्न करने तथा प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार की पहचान सुनिश्चित करने का अवसर देना है। जिला प्रशासन ने ग्रामीणों से आग्रह किया गया है कि वे इस विस्तारित समय-सीमा का पूरा लाभ उठाएं और आवास प्लस 2024 मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से सर्वेक्षण प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करें। साथ ही, स्व-सर्वेक्षण के तहत प्राप्त सूचनाओं की सत्यता की पुष्टि भी सर्वेक्षणकर्ताओं के माध्यम से की जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का उद्देश्य वर्ष 2024-25 तक सभी के लिए आवास सुनिश्चित करना है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण परिवारों को पक्के मकान प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## बारिश...




**महासमुंद।** बीते तीन दिनों से जिले में मौसम का मिजाज बदला है। गुरुवार की शाम भी आंधी तूफान के साथ बारिश हुई।

## छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने ली समीक्षा बैठक

# गौ संरक्षण एवं जागरुकता के लिए आयोग सक्रिय, यात्रा 20 मई तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने गौ ग्राम जनजागरण यात्रा के तहत जिला महासमुंद के गौशालाओं का निरीक्षण कर गौ संरक्षण से जुड़ी संस्थाओं और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रविराज साहू, गौ सेवा आयोग के पंजीयक समीर शर्मा, डीएसपी प्रतिभा चंद्रा, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ अंजना नायडू, पशुधन विकास विभाग के अधिकारीगण, गौशाला संचालक, समाजसेवी संस्थान एवं गौ सेवक उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान पटेल ने गौ माता के धार्मिक, सांस्कृतिक और कृषिक महत्व को रेखांकित करते हुए समाज में व्यापक जागरुकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि गायों के लिए सुरक्षित आश्रय स्थलों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए एवं प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वंयसेवी संगठनों से अपील की है कि वे गांव-गांव जाकर गायों की उपयोगिता के प्रति जनजागृति फैलाएं। गौ-तस्करी की रोकथाम को लेकर उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए है कि इस पर कड़ी निगरानी रखें एवं त्वरित कार्रवाई करें। साथ ही गौ सेवा से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

अध्यक्ष पटेल ने वर्तमान गौ ग्राम जनजागरण यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह राज्यव्यापी जागरूकता यात्रा 20 मई तक संचालित की जाएगी। जिसका मुख्य उद्देश्य गायों का संरक्षण, संवर्धन गौ उत्पादों का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं हर घर गौ पालन के प्रति जनमानस में सकारात्मक चेतना का संचार करना है। उन्होने यह भी कहा कि देशी गाय कृषि के क्षेत्र में उपयोगी होने के साथ-साथ गोबर और गौ-मूत्र से जैविक कीटनाशकों एवं अन्य लाभकारी उत्पादों के निर्माण में सहायक है जिससे जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सकेगा। अंत में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा गौशालाओं के अध्यक्ष द्वारा रखी गई मांगो से अध्यक्ष गौ सेवा आयोग को अवगत कराया।

## एडीईओ परीक्षा के लिए होगा 4 टेस्ट सीरीज का आयोजन

**महासमुंद।** जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) परीक्षा के लिए 04 टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाएगा। जारी विज्ञप्ति में डी.बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सहायक विकास विस्तार अधिकारी परीक्षा 2025 को ध्यान में रखते हुए टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 04 पेपर प्रत्येक रविवार को आयोजित होगी। छत्तीसगढ़ सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) परीक्षा के 04 टेस्ट सीरीज क्रमशः 11 मई (दिन-रविवार) को पेपर -1 एडीईओ संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -01, 18 मई (दिन-रविवार) को पेपर -2 एडीईओ संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -02, 25 मई (दिन-रविवार) को पेपर -3 एडीईओ संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -03, 01 जून (दिन-रविवार) को पेपर -4 एडीईओ संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -04 का आयोजन किया जाएगा। साव ने आगे बताया टेस्ट सीरीज दिलाने के लिए इच्छुक परीक्षार्थियों के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 09 मई 2025 निर्धारित की गई है, छत्तीसगढ़ सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थियों द्वारा जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण अकादमी (जिला ग्रंथालय भवन मिनी स्टेडियम परिसर) में आकर संपर्क कर सकते है।

## खबर संक्षेप

### भागवत महापुराण सप्ताह का शुभारंभ होगा 4 से

**जगदलपुर।** कथावाचक गीता गोस्वामी प्रयागराज राजिम से शहर आकर 4 मई से 12 मई तक श्रीमदभागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में शहर वासियों को धार्मिक कथाएं सुनाएगी। बोधघाट कालोनी में प्रतिदिन 3 से 7 बजे तक कथा प्रसंग अलग अलग होगा। आयोजकों ने जानकारी दी है कि पहले दिन 4 मई को कलश यात्रा भागवत स्थापना नारद भक्ति संवाद और गौकर्ण कथा की प्रस्तुति होगी। वहीं अंतिम दिन 12 मई को गीता पाठ, हवन पूर्ण पश्चात महाप्रसादी भक्तों को दी जाएगी।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित 5 परिवारों को 20 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील जगदलपुर के विजय वार्ड डोकरीघाट पारा निवासी निर्मलेश पानीग्राही की मृत्यु पानी में डूबने से भाई योगेश पानीग्राही को और तहसील बास्तानार ग्राम बड़े किलेपाल निवासी कुमारी कर्मा की मृत्यु पानी में डूबने से पिता लच्छु को ग्राम पालानार निवासी हिड़में की मृत्यु सांप डसने से पुत्र सपे पोयाम को सहायता राशि दी जाएगी।

### प्रधानमंत्री आवास सर्वे का काम होगा 15 तक

**जगदलपुर।** बस्तर के गांव गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का कार्य का सर्वेक्षण चल रहा है। यह कार्य 30 अप्रैल तक किया जाना था लेकिन कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न होने पाए इसलिए 15 मई तक सर्वे होगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन को निर्देश दिए है कि योजना के दायरे में आने वाला कोई भी हितग्राही बाहर न होने पाए इसलिए सर्वेक्षण के कार्या की निगरानी रखते हुए फील्ड में कार्य करने वालेको निर्देशित करें।

### जयंती : नगर के चौक चौराहों से निकली साइकिल संदेश रैली

# हीरक जयंती पर पर्यावरण एवं जल संरक्षण को लेकर स्काउट-गाइड ने निकाली साइकिल संदेश रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 75 वर्ष हीरक जयंती के अवसर पर राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय में जिला एवं विकासखण्ड महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण व जल संरक्षण को लेकर साइकिल संदेश रैली का आयोजन किया गया।

अतिथियों का स्वागत स्काउट गाइड परंपरानुसार स्कार्फ लगाकर किया गया। साइकिल सदेश रैली को जिला संघ के जिला मुख्य आयुक्त एवं छग बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने शासकीय आशीबाई गोलछा कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया किया। इस अवसर पर उन्होंने स्काउट गाइड के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अपनी बधाई देते हुए महासमुंद के स्काउट को और उंचाई तक ले जाने पर जोर दिया। साइकिल चलाकर संदेश भी दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला



सलाहकार दाउलाल चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष जय पवार, आनंद साहू, विकासखण्ड के अध्यक्ष कौशलेंद्र वैष्णव, मुख्यालय आयुक्त रामकुमार साहू, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे, डीओसी गाइड लीनू चंद्राकर, विकासखण्ड सचिव लता वैष्णव, सीनियर स्काउटर सुरेंद्र मानिकपुरी, रघुनाथ सिन्हा, मधु शर्मा, हिरेंद्र साहू, अर्चना तिवारी, विद्या दुबे, गायत्री सेन उपस्थित रहे।

रैली जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे के मार्गदर्शन में पर्यावरण एवं जल संरक्षण से संबधित नारा लगाते हुए, नारा लिखे बैनर तख्ती के साथ कन्या शाला, कांग्रेस भवन, स्वामी चौक, अंबेडकर चौक, बस स्टैंड, बिटोबा टाकीज, दादा बाड़ा, गांधी चैंक, शास्त्री चौक बीटीआई रोड होते हुए स्काउट गाइड के जिला प्रशिक्षण केन्द्र में समापन हुआ। समापन समारोह में जिला सलाहकार दाउलाल चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष जय पवार, आनंद साहू, नगर पालिका के उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जिला शिक्षा अधिकारी मोहनराव सावंत, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजली बरमाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर दाउलाल चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावचरण संरक्षण, जल संरक्षण करना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जल है तो कल है, जल को हमें बचाना है, पर्यावरण की रक्षा करना है। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने भी स्काउट गाइड को पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्ष लगाने एवं जल को बर्बाद नहीं होने, बचाने के उपायों पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। जिला शिक्षा अधिकारी मोहनराव सावंत ने स्काउट-गाइड से कहा कि वे अपने घरों के आसपास की महिलाओं को समझाएं, प्रेरित करें, कचरे को उचित स्थान पर रखें। पानी की बर्बादी किस प्रकार से रोके इस पर जानकारी देने कहा। कार्यक्रम में रामकुमार साहू, जागेश्वर सिन्हा, रघुनाथ सिन्हा ने भी अपने विचार रखें। अतिथियों द्वारा स्काउट गाइड का सम्मान करते हुए उपहार के रूप मं कलम भेंट किया गया।

# एमए राजनीति विज्ञान के चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को दी विदाई

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 30 अप्रैल बुधवार को एमए राजनीति विज्ञान के द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में रखा गया। इस मौके पर महाविद्यालय की कला संकाय अध्यक्ष डॉ. रीता पांडेय, डॉ. मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान, केसरचंद्र बनपाल सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, विजय कुमार मिर्चे मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सरस्वती वंदना संगीता गायकवाड़ द्वितीय सेमेस्टर द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ रीता पांडेय द्वारा आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा कि महाविद्यालय में अध्ययन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं में अनंत सम्भावनाएं है। सभी अपने जिज्ञासाओं को पूरा करें। प्रत्येक दिवस को एक नया दिन मानते हुए कठिन परिश्रम करें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में अपना सर्वश्रेष्ठ दे। सभी बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि कठिन परिश्रम करने के बाद भी इच्छित परिणाम न आए तो अपने पास उसका दूसरा विकल्प रखें। कड़ी मेहनत करते हुए सेमेस्टर परीक्षाओं में भी सर्वोत्तम अंक अर्जित करना है। विभागाध्यक्ष डॉ मालती तिवारी द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राओं में विलक्षण प्रतिभा होती है, शिक्षक उस प्रतिभा को निखारने और संवारने का प्रयास करते है। जिसका प्रतिफल छात्रों के परीक्षा परिणाम के रूप में सबके सामने होती है। समाज में सकारात्मक बदलाव और परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए छात्र और शिक्षक दोनों को मेहनत करने होंगे। केसर चंद्र बनपाल ने कहा कि भविष्य के निर्माण में आज की आहुति आवश्यक है। अपने समय का उपयोग अपने जीवन और राष्ट्र निर्माण में करें। इस मौके पर विभिन्न मनोरंजक खेल का भी आयोजन किया गया। जिसमें पेपर डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गोपी सिन्हा व द्वितीय स्थान जानू परवीन तथा ग़ुब्बारा फुलाओ प्रतियोगिता में प्रथम टिकेश्वरी नेताम रहीं।

# मजदूर दिवस पर बागबाहरा में किया गया श्रमिकों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि 1 मई को मजदूर दिवस, जिसे अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस या मई दिवस भी कहा जाता है, यह दिन दुनियाभर के मजदूरों और श्रमिकों के योगदान, संघर्षों और अधिकारों को सम्मान देने के लिए समर्पित है। अंकित ने बताया कि दुनियाभर में मजदूर संगठन, ट्रेड यूनियन और समुदाय रैलियाँ, मार्च, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सेमिनार आयोजित करते हैं। इसी कड़ी में बागबाहरा में कई मजदूर संगठनों द्वारा मिलकर एक बड़ी रैली निकाली जाती है। आज भारी बारिश के बावजूद बागबाहरा में रैली का आयोजन हुआ। जिसमें साथियों के साथ मिलकर अंकित बागबाहरा ने मजदूरों का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंकित बागबाहरा के साथ राजू यादव, कृष्ण हरपाल, रिहान कोहली, अर्जुन जगवानी, गंगाराम यादव, संतोष वास्तव, रामायण, हितेश, नोहर, शेखर चंद्राकर, पूनम, गुलाब, विक्की, बिसंभर, बालाराम, भीषम, राजेश सहित बड़ी संख्या में मजदूर साथी मौजूद रहे।



# थाना परिसर के बरगद पेड़ में पक्षियों के लिए घरौंदा व पानी मटकी का पात्र लटकाए

**महासमुंद।** शहर के वार्ड नं. 25 के पार्षद भाऊराम साहू के जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी के पहल पर पुलिस थाना परिसर के बरगद पेड़ में पक्षियों के घरौंदा एवं पानी रखने के लिए मटकी का पात्र टांगा गया। साथ ही दाने की भी व्यवस्था की गई। भीषण गर्मी में उपाध्यक्ष द्वारा शहर के पेड़ पौधों में पक्षियों को बचाने के दृष्टिकोण से मिट्टी के पात्र लगाए जा रहे है। आम जनता से भी अपील करते हुए कहा गया कि प्रकृति को बचाने के लिए पक्षियों एवं पशुओं को बचाना आवश्यक है, ये अनबोले पक्षी है इन्हें भी प्यास लगती है। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए भी यह आवश्यक कदम है। शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका ने भी कहा कि पक्षियों को दाने पानी की व्यवस्था करना पुण्य का काम है। इस अवसर पर थाना प्रभारी शरद दुबे मौजूद थे। उन्होंने प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए कहा था कि थाना परिसर में लगाए गए मिट्टी के पात्र में पानी की व्यवस्था मेरे द्वारा कराई जाएगी। भाजपा नेता मुन्ना साहू ने भी पक्षियों के लिए दाना पानी व्यवस्था करने की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसा अभिनव प्रयास आमजनों को भी करना चाहिए, तब हमारी प्रकृति सुरक्षित रहेगी। पार्षद भाऊराम साहू के जन्मदिन को नगर पालिका के उपाध्यक्ष कक्ष में मनाया गया। साहू को गुलदस्ता एवं गमछा भेट किया गया एवं भाऊराम साहू के हाथों केक कटवाया गया। इस अवसर पर पार्षदगण शुभ्रा शर्मा, भारती चंद्राकर, कल्पना सूर्यवंशी, पियुश साहू, धनीराम यदु, पूर्व पार्षद राजू चंद्राकर, भाजपा नेतागण मुन्ना साहू, हनीष बग्गा, जितेन्द्र साहू, गोविंद ठाकुर, शरद मराठा, गौरव राठी, समसु खान, रेखा बेहरा, राज बेहरा, हर्ष साहू, महेंद्र सिक्का, मौसम साहू आदि उपस्थित रहे।





# आंगनबाड़ी के बच्चों के साथ पार्षद ने मनाया जन्मदिन, कूलर किया भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष तथा वार्ड क्रमांक 25 के पार्षद भाऊराम साहू ने अपना जन्मदिन आंगनबाड़ी में बच्चों के साथ मनाया। साहू ने अपने जन्मदिन को समाजसेवा पर समर्पित करते हुए जन्मदिन मनाने का निर्णय लिया। उन्होंने वार्ड के प्रमुख मंदिर में पूजा-अर्चना कर दिन की शुरुआत की। पश्चात उन्होंने क्षेत्र के बुजुर्गों एवं जरूरतमंदों को फल वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरे जीवन का उद्देश्य केवल जनसेवा है। जन्मदिन जैसे अवसर पर लोगों की सेवा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इसके अलावा साहू ने वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाकर स्थानीय निवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। आंगनवाड़ी में उन्होंने बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। बच्चों को गर्मी से राहत दिलाने आंगनबाड़ी केंद्र को कूलर भेंट किया। साहू ने बच्चों के साथ केक काटकर फल व चॉकलेट का वितरण किया। कार्यक्रम में वार्डवासी, भाजपा कार्यकर्ता और समाजसेवी उपस्थित रहे।

# श्रीराम स्कूल में दो वरिष्ठ शिक्षकों को दी गई भावभीनी विदाई

**महासमुंद।** शासकीय श्रीराम उच्च प्राथमिक शाला में 30 अप्रैल को दो वरिष्ठ शिक्षकों कुंती देवांगन और यशोदा तिवारी को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर भावभीनी विदाई दी गई। दोनों शिक्षकों ने अपने लंबे और सफल कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, उनकी मेहनत समर्पण और शिक्षण क्षमता ने अनगिनत छात्रों और शिक्षकों को सफलता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। इस यादगार क्षण की शुरुआत सरस्वती माता के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात संस्था प्रमुख उर्मिला मरकाम द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ व टीका लगाकर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदर भावुक करने वाली प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी का दिल जीत लिया। विदाई समारोह में सभी शिक्षकों ने अपने-अपने भावनाएं सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों के प्रति व्यक्त की। सेवानिवृत हो रहे शिक्षक कुंती देवांगन ने अपने सेवा काल के



दौरान के अनुभव को साझा किया और कहा कि स्कूल को भी अपना घर समझे, अपना घर समझ कर ही पूरे समर्पण के साथ कार्य करें। श्रीमती तिवारी ने भी अपना अनुभव सबके साथ साझा किया और हम सबको आशीर्वाद प्रदान किया। तत्पश्चात दोनों वरिष्ठ शिक्षकों को शाल फल स्मृति चिन्ह व उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ में उनके घर से आए हुए उनके जीवनसाथी को भी उपहार भेंट किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षकों के परिवारजन भी उपस्थित रहे। साथ ही शाला के प्रबंधन समिति के सदस्य प्रधान पाठक उर्मिला मरकाम, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक मधु शर्मा, शिक्षक किरण दीवान, गीता गोस्वामी, लीनू चंद्राकर, किशोर देवांगन, प्राथमिक शाला से सुमित्रा देवांगन, तरुणा डड़सेना, शांति पुरैना, हेमंत चक्रधारी, देव कुमार ध्रुव, डिगेश पुरैना, राजेश्वरी प्रधान, पालकगण, बच्चे एवं स्कूल रसोइयां उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान पाठक एवम शाला परिवार के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा। संचालन लक्ष्मी मानिकपुरी ने किया।

# दस साल के मासूम की जंगल में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दरभा थाना क्षेत्र के ग्राम ककालगुर में दो दिन पूर्व मिले दस साल के मासूम के मौत की गुत्थी पुलिस सुलझाने में लगी है। बच्चे के गले में चोट का निशान भी मिला है जिससे उसकी हत्या की आशंका हो रही है। पुलिस को पीएम व एपएसएल रिपोर्ट का इतंजार है जल्द ही मामले का खुलासा होने की संभावना है। एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने बताया कि मंगलवार को बच्चे का शव मिला था मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। मामले में कुछ संदेहियो व बच्चे के साथ आखरी समय में मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक ककालगुर गांव निवासी 10 साल के सुखलाल पिता बोटी मंगलवार की सुबह अपने घर से खेलने के नाम पर निकला था। इसके बाद काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। बच्चे के गुम होने की खबर पूरे गांव में फैल गई और उसे ढूंढने बड़ी संख्या में ग्रामीण निकल पड़े इस बीच सुखलाल का शव उसके घर से करीब एक किमी दूर जंगल में मिला।

# अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर महाविद्यालय के श्रमवीरों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संध्या भोई के निर्देशन व राष्ट्रीय सेवा योजना (संयुक्त इकाई) तथा अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित भूगोल विभाग के विभागअध्यक्ष एमएन सिदार द्वारा समाज व देश के विकास में श्रमिकों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने महाविद्यालय के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को कहा कि महाविद्यालय में ताला खोलने से लेकर ताला बंद करने तक की ज़िम्मेदारी आप लोगों की होती हैं अर्थात महाविद्यालय के कार्यो की शुरुआत आपके हाथों से होती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष व एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी यूके बरिहा द्वारा श्रमिक दिवस के इतिहास, उनके अधिकार, भविष्य में उनके हितों की रक्षा और अनेक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ संध्या भोई द्वारा चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन उन सभी मेहनती लोगों को समर्पित है, जो अपने श्रम से हमारे जीवन को आसान और समाज को सुंदर बनाते हैं। जब हम स्कूल या कॉलेज की बिल्डिंग में पढ़ते हैं, साफ-सुथरी सड़क पर चलते हैं, या किसी निर्माण को देखते हैं तो उसके पीछे मजदूरों का पसीना और कड़ी मेहनत होती है। हमारे देश की तरक्की श्रमिकों के बिना असंभव है। इसलिए हमें उनका न केवल धन्यवाद करना चाहिए, बल्कि सम्मान भी देना चाहिए। आज हम सब मिलकर यह प्रण लें कि हम हर श्रमिक, हर सफाईकर्मी, हर मेहनती व्यक्ति को आदर देंगे और उनके अधिकारों की रक्षा करेंगे। उसके बाद महाविद्यालय के श्रमवीरों का गमछा एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक प्राची गुप्ता, हेमलता पटेल, केएसपटेल व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हेमलता पटेल और आभार प्रदर्शन प्राची गुप्ता ने किया।



# स्काउट-गाइड ने पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के मंशा अनुरूप राज्य सचिव कैलास सोनी के निर्देश पर स्काउट-गाइड के 75 वर्ष हीरक जयंती के अवसर पर स्काउट-गाइड संघ बागबाहरा द्वारा गुरुवार को पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए रैली निकाली। इस रैली का उद्देश्य लोगों में जल, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता लाने को लेकर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली तीन टोली में बांटा गया था। ग्राम पंचायत खल्लारी को मुख्य केंद्र बिंदु मानकर रूढ़ चाट निर्धारित किया गया था। जिसमें प्रथम टोली डोकारपाली, मोहगांव, कोल्दा एवं द्वतीय टोली दारगांव, पतेरापाली, बीके बाहरा, तृतीय टोली संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत खल्लारी गलियों में पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को पेड़ लगाने और पानी बचाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही पर्यावरण एवं जल संरक्षण जागरूकता संदेश का नारा लगाए। वीर शिवाजी ओपन रोवर क्रू व स्काउट गाइड के इन प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी है। स्काउट गाइड के सदस्य पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने के लिए प्रेरित हुए हैं और वे पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने के लिए तैयार हैं।

कार्यक्रम के समापन पर संघ के अध्यक्ष पंकज हरपाल, उपाध्यक्षद्वय राजेश सोनी, देवेश साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि व पूर्व सरपंच रामलाल चक्रधारी, शाला विकास समिति अध्यक्ष रमन दास वैष्णव, ब्लॉक आयुक्त गाइड पुरी हरपाल, सचिव शेषनारायण साहू, पूर्व सचिव भीमसेन चंद्राकर, व्यास नारायण बंजारे, मनोज दीवान, सतीश देवांगन, गगन टोंडेकर, वेदांश बंजारे, रूखमणी बघेल, पुष्पेंद्र, अजय चंद्राकर, अतुल तुली सोनवानी, खेमेश्वरी सिन्हा, चंचल चक्रधारी, पूर्णिमा ठाकुर, जानवी मानिकपुरी, उमाशंकर, रोहित, छबि, दुष्यंत, राजेश दीपांशु कृष्ण आदि उपस्थित रहे।



# निर्वाचन आयोग ने की मतदान प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने की नई पहल

**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची की शुद्धता में वृद्धि करने और नागरिकों के लिए मतदान प्रक्रिया को और अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से नई पहल की है। ये उपाय भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार द्वारा इस वर्ष मार्च में निर्वाचन आयुक्तों डॉ सुखबीर सिंह संधू और डॉ विवेक जोशी की उपस्थिति में राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के सम्मेलन के दौरान की गई पहलों के अनुरूप हैं। आयोग अब निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 9 और जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 (2023 में यथा संशोधित) की धारा 3(5)(बी) के अनुरूप भारत के रजिस्ट्रार जनरल से इलेक्ट्रॉनिक रूप से मृत्यु पंजीकरण डेटा प्राप्त करेगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को पंजीकृत मृत्यु के बारे में समय पर जानकारी प्राप्त हो। इससे बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) भी फॉर्म 7 द्वारा औपचारिक आवेदन पत्र का इंतजार किए बिना फील्ड विजिट के जरिए जानकारी को पुनः सत्यापित कर सकेंगे। मतदाता सूचना पर्चियों (वीआईएस) को मतदाताओं के लिए अधिक अनुकूल बनाने के लिए आयोग ने इसके डिजाइन को संशोधित करने का भी फैसला किया है। मतदाता के क्रम संख्या और भाग संख्या अब अधिक प्रमुखता से प्रदर्शित किए जाएंगे, जिसमें फॉन्ट का आकार बढ़ाया जाएगा, जिससे मतदाताओं के लिए अपने मतदान केंद्र की पहचान करना और मतदान अधिकारियों के लिए मतदाता सूची में उनके नाम को कुशलतापूर्वक ढूंढना आसान हो जाएगा। आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि सभी बीएलओ, जिन्हें जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 13बी(2) के तहत ईआरओ द्वारा नियुक्त किया जाता है, को मानक फोटो पहचान पत्र जारी किए जाएं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नागरिक मतदाता सत्यापन और पंजीकरण अभियान के दौरान बीएलओ को पहचान सकें और उनके साथ आत्मविश्वास से बातचीत कर सकें।

## खबर संक्षेप



### श्रम का सम्मान ही समाज की असली पहचानः रश्मि

**महासमुंद।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि श्रम का सम्मान ही समाज की असली पहचान है। बोरे-बासी न सिर्फ हमारे छत्तीसगढ़ की परंपरा है, बल्कि मेहनतकश श्रमिकों के सम्मान की भावना भी है। 1 मई मजदूर दिवस पर बोरे-बासी ग्रहण कर श्रमिकों के श्रम, संस्कृति और संघर्ष को नमन किया गया। यह दिन याद दिलाता है कि समाज की असली शक्ति वे हाथ हैं जो ईंट, मिट्टी, पसीने और हौसले से देश का भविष्य गढ़ते हैं। बोरे-बासी खाकर हम उस मेहनत को नमन करते हैं, जो बिना कैमरे, बिना माइक, चुपचाप राष्ट्र निर्माण में लगी रहती है।

### महापौर व राजस्व सभापति के मार्गदर्शन पर जुटा अमला

**जगदलपुर।** महापौर संजय पांडे के मार्गदर्शन एवं आयुक्त प्रवीण वर्मा के निर्देश एवं राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा के नेतृत्व एवं जिला प्रशासन,निगम प्रशासन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा अवैध अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। शहर के मुख्य मार्ग में जो नाली के ऊपर व्यवसायियों द्वारा अतिक्रमण कर दुकान का सामान बाहर रखकर व्यवसाय कर रहे हैं। दुकानदार दुकान सीमा से बाहर सड़क पर बोर्ड लगाया जा रहा है, उसे हटाने लिए सभी व्यापारियों से अनुरोध किया जा रहा है। अतिक्रमण कि कार्रवाई से पूर्व नाली के ऊपर से अपने सामान हटाने की समझाइस दी जा रही है, जिन्होंने सामान नहीं हटाया उनके ऊपर कारवाई सतत निगम द्वारा किया जा रहा है।

### अन्दरूनी क्षेत्र में बस चलने से ग्रामीणों को मिलेगी राहत

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नेता व ग्राम गढ़िया के सरपंच भरत कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार ने ऐतिहासिक फैसला करते हुए बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजित करने का अहम फैसला लिया है, सरकार के इस निर्णय से 2621 बर्खास्त शिक्षकों को फिर से नौकरी मिल सकेगी।

## राइस मिल के पास लगी भीषण आग



**सरायपाली।** पदमपुर रोड में स्थित एसआर राइस मिल के पास लगी भीषण आग को रोकने के लिए नगर पालिका के अध्यक्ष सरस्वती चंद्र कुमार पटेल के निर्देश अनुसार भाजपा कार्यकर्ता आशीष सेन ने खुद जाकर भीषण आग को पानी से शांत किया और बड़ी दुर्घटना होने से बचाया गया।

### नुकसान : आग लगने से हजारों का सामान जलकर खाक

# गन्ना दुकान में लगी आग तबाह हुआ गरीब किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)





तेज आंधी-तूफान के बीच एक गरीब किसान की आजीविका उस वक्त राख में तब्दील हो गई, जब बस स्टैंड के पास स्थित उसकी अस्थाई गन्ना दुकान में अचानक आग लग गई। बुधवार दोपहर बाद हुई इस घटना ने न केवल किसान की वर्षों की मेहनत को निगल लिया, बल्कि प्रशासन की संवेदनहीनता को भी उजागर कर दिया। दुकान में लगी आग से मशीन, पाटा, मोटर और अन्य सामग्री जलकर राख हो गई।

अनुमानित नुकसान करीब 50, 000 रुपए का बताया जा रहा है। घटना के समय दुकान का संचालक अग्नि साहू मौके पर मौजूद नहीं था, जिससे वह बाल-बाल बच गया। आग लगने के कारणों का अभी तक प्रशासन द्वारा कोई स्पष्ट विवरण नहीं दिया गया है। संभावित कारणों में तूफान के चलते बिजली तारों से चिंगारी निकलना या कोई तकनीकी गड़बड़ी हो सकती है। पीड़ित किसान अग्नि साहू ने तत्काल स्थानीय प्रशासन से मदद की मांग की, लेकिन न तो नुकसान का आंकलन किया गया और न ही किसी प्रकार की राहत मुहैया कराई गई। उल्टा, दुकान को अवैध करार देकर सहायता से हाथ खींच लिया गया।

नम आंखों से अपनी व्यथा सुनाते हुए किसान ने कहा कि यह दुकान मेरी रोजी-रोटी का इकलौता सहारा थी। अब परिवार पालने का सवाल सामने खड़ा है। घटना के बाद स्थानीय नागरिकों में भी प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदा के दौरान त्वरित राहत पहुंचाने की कोई व्यवस्था न होना चिंता का विषय है। गरीब और मेहनतकश नागरिकों के साथ ऐसा व्यवहार अस्वीकार्य है। अब किसान की उम्मीदें जिला कलेक्टर से है, जो जनहितैषी और संवेदनशील छवि के लिए जाने जाते हैं। पीड़ित किसान और स्थानीय जनसमुदाय की मांग है कि तत्काल राहत राशि प्रदान की जाए और दुकान पुनर्स्थापन में मदद की जाए।

## नगर में रोहिंग्या व अवैध घुसपैठियों होने की संभावना, सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



विहिप, बजरंग दल एवं समाजसेवियों ने नगर में अन्य देश के लोगों का अवैध घुसपैठ होने की संभावना जताते हुए जाँच व कार्रवाई के लिए पत्र सौंप कर नगर में अवैध घुसपैठियों का होने पर आशंका जताते हुए जांच व आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रशासन को पत्र सौंपा गया है।

ज्ञात हो कि कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद शासन प्रशासन द्वारा देश के आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ किया जा रहा है। साथ ही राष्ट्र स्तर पर भी सतर्कता बरतीं जा रही है। इसी सम्बन्ध में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं नगर के समाजसेवियों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को पत्र के माध्यम से नगर में घुसपैठिया, बांग्लादेशी, रोहिंग्या मुस्लिम, पाकिस्तानी अवैध रूप रहने, रूकने का संभावना जताते हुए जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अनुरोध किए।

बजरंग दल के मयंक पाणिग्रही के बताया कि बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं के नगर के कुछ स्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों को देखा गया, जिनका भाषा बोली और रूप रंग अलग से प्रतीत हुआ, जिसे हम लोगों ने गंभीरता से लेते तत्काल प्रशासन को पत्र के माध्यम सूचना दी।

विश्व हिंदू परिषद से गुड्डु जायसवाल के बताया कि वर्तमान में देश के आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने का समय है और ऐसे समय पर नगर में इस प्रकार की संदिग्ध गतिविधि का देखा जाना बहुत ही संवेदनशील विषय है, ऐसी परिस्थितियों में प्रशासन को बिना विलंब किए विषय को गंभीरता से लेकर छानबीन करते हुए आवश्यक कार्रवाई किया जाना जनहित के लिए उचित होगा। विश्व हिंदू परिषद से विकास महापात्र ने बताया कि शासन प्रशासन के लिए नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए शासन प्रशासन को पत्र के माध्यम से उक्त विषय को गंभीरता से लेकर जांच व आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है, प्रशासन से अपेक्षा है आवेदन पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएं और इन्होंने बताया कि विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल हमेशा शासन प्रशासन के सहयोग करती आ रही है, हर असामाजिक गतिविधि एवं कार्य के विरूद्ध कार्रवाई लिए प्रशासन को सूचित करती आ रही है।

मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद व बजरंगदल से मयंक पाणिग्रही, विकास महापात्र, गुड्डु जायसवाल, प्रदीप साहू, अन्य समाजिक संगठनों से विवेक शर्मा, नरेंद्र मांझी, जन्मजय नायक, पुरुषोत्तम प्रधान द्वारा अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया, अनुविभागीय अधिकारी द्वारा आवश्यक कार्रवाई करने के लिए आश्वासन दिया गया।

## राम जानकी मंदिर में तृतीय वार्षिकोत्सव का आयोजन 8 को

**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर में राम जानकी, शिव पार्वती, राधाकृष्ण, हनुमान मंदिर में 8 मई को स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में तृतीय वार्षिकोत्सव का आयोजन रखा गया है। 8 मई गुरुवार को प्रातः 7 बजे शाही स्नान, गंगाजल अभिषेक, दुग्ध अभिषेक, चालीसा पाठ व पूजा अर्चना किया जाएगा। प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक बालिकाओं व महिलाओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाल कर ग्राम भ्रमण किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से रात्रि 9 बजे तक भंडारा में महाप्रसादी वितरण किया जाएगा। शाम 7 बजे महाआरती भव्य पूजा अर्चना श्रद्धालुओं की उपस्थिति में की जाएगी। मंदिर परिसर में मानस मंडलियों शारदा रानी महिला मानस परिवार सोरिद, बस्तरिया मानस परिवार उत्तर बस्तर कांकेर, विंध्यवासिनी मानस बालक परिवार बोडरा धनेली, राम रुचि महिला मानस परिवार कोलिहारी भखारा द्वारा मानस पाठ प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजक समिति ने समस्त ग्रामीण श्रद्धालुओं को उपस्थित होने की अपील की हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष बीज निगम चंद्रहास चंद्राकर, जिला अध्यक्ष भाजपा येतराम साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि सरपंच सत्यवती महेंद्र प्रताप सोनवानी, जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी जांगड़े उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी हरिश यादव ने दी।

## विधायक से मुलाकात



**बागबाहरा।** खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नर्रा में निवासरत बेलदार समाज के प्रतिनिधिमंडल ने बागबाहरा स्थित विधायक कार्यालय पहुंचकर पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव से सौजन्य भेंट की। बेलदार समाज के प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों के लिए विधायक यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए उनके द्वारा लिए जा रहे हैं निर्णय की सराहना की। इसी क्रम में समाज के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध ग्राम नर्रा में बेलदार समाज के लिए सामुदायिक भवन की मांग भी की। जिस पर विधायक यादव ने सहर्ष सहमति जताते हुए सामुदायिक भवन की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजेन्द्र गुप्ता, बिल्लू, लखन, बिहारी, सोनसिंह, धीरसिंह, मोटू, राधेलाल, खोमेश, धीरू, धनाऊ, गुड्डू, परस, फूलचंद, निशपार सहित दिलदार समाज के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।

## 100 केवी ट्रांसफार्मर के लिए बसना विधायक के हस्तक्षेप से मिली मंजूरी

**पिथौरा (ग्रामीण)।** कर्मचारी कॉलोनी लहरौद में लंबे समय से चल रही बिजली की आंख-मिचौली और लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर मंगलवार को कॉलोनीवासियों ने बिजली विभाग कार्यालय पहुंचकर जमकर अपनी आवाज उठाई। इस दौरान कॉलोनी में लगे 65 केवी के ट्रांसफार्मर को हटाकर 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग अधिकारियों से की गई।

विभागीय अधिकारियों द्वारा शुरुआत में मामले को लेकर टालमटोल किया जा रहा था, लेकिन जब कॉलोनीवासियों ने क्षेत्रीय विधायक सम्पत अग्रवाल से दूरभाष पर बात कराई, तब जाकर अधिकारियों ने 100 केवी ट्रांसफार्मर लगाने की सहमति दी। इसके अतिरिक्त कॉलोनीवासियों ने पांडे आटा चक्की के पास सड़क के बीचोबीच स्थित बिजली के खंभे को हटाने, दाशरथी नायक के घर के सामने की विद्युत लाइन में 3 फेस केबल बिछाने एवं बीके रेस्टोरेंट के पास स्थित खंभे को हटाने की भी मांग रखी। इस जनसमस्या को लेकर कॉलोनीवासियों के साथ क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति रामदुलारी सिताराम सिन्हा, ग्राम पंचायत लहरौद के उपसरपंच रमेश सिन्हा, सरपंच प्रतिनिधि अनिल सोई, कॉलोनी प्रमुख मधु महंती, कर्मचारी नेता पुनीत सिन्हा, केडी नाग, तेजराम पटेल, दिनेश कालसा, कौशल साहू, भोई सर, बरीहा सर सहित अनेक कॉलोनीवासी मौजूद रहे।

## गौरव पथ के नाली का स्लैब घटिया निर्माण के चलते टूटा, मवेशियों व राहगीरों के लिए बना खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



नगर के मुख्य मार्ग पर गौरव पथ निर्माण कार्य प्रगति पर है, लेकिन उचित मापदण्ड के बिना निर्माण किए जाने के कारण यह मार्ग आए दिन राहगीरों के साथ-साथ अन्य लोगों के लिए भी परेशानियों का सबब बना हुआ है। जगह-जगह नालियों के ऊपर दिये गए स्लैब के टूट जाने से वाहन चालकों और मवेशियों के लिए भी खतरा बना हुआ है। गौरव पथ निर्माण का कार्य पूर्णता की ओर अग्रसर है, लेकिन प्रारंभ से ही कार्य की गुणवत्ता को लेकर प्रश्न चिन्ह बना हुआ है। कभी सड़क के किनारे धंसने पर माल वाहक वाहनों के फंसने की घटनाएँ सामने आती है, तो कहीं नालियों के टूटने पर वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की शिकायतें मिलती रहती है।

निर्माणकर्ता द्वारा सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण भी किया गया है, जिसके ऊपर स्लैब की ढलाई की गई है। गुणवत्ताहीन ढलाई होने के कारण कई स्थानों पर स्लैब टूट रहे हैं और कई जगह नाली को खुला ही छोड़ दिया गया है। ऐसे में कई बार वाहन चालक उन गड्ढों में गिरकर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। वहीं सड़क पर रात्रि के समय कई मवेशी भी विचरण करते रहते हैं, जिनके उन गड्ढों में गिरने का खतरा भी बना हुआ है। यदि कोई मवेशी उन गड्ढों में गिर जाए तो उन्हें निकालना भी टेढ़ी खीर साबित होगी। बहरहाल, इस प्रकार के निर्माण कार्य को लेकर शहरवासियों में अभी भी आक्रोश देखा जा सकता है।

## जातिगत जनगणना की घोषणा का यादव महासभा ने किया स्वागत

**सरायपाली।** भारत देश का सबसे बड़ा यादव संगठन अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने केंद्र सरकार द्वारा देश में जातिगत जनगणना कराया जाने की घोषणा का स्वागत किया है। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने अपने प्रेस विज्ञप्ति में जातिगत जनगणना की घोषणा को भारत देश के लिए अहम फैसला बताया है। यादव महासभा ने कहा है कि अब जाति जनगणना के माध्यम से भारत के उन सभी जातियों के गणना आंकड़े सामने आ जाएंगे, जो इस देश में निवास करती है। इस जनगणना से दो बातें सामने आएगी, पहले यह की कौन सी जाति कितनी संख्या में निवास करती है और दूसरा जनसंख्या के आधार पर विकास का खाखा उनके लिए तैयार किया जाएगा। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने कहा है कि जाति का जनगणना के बाद आरक्षण की स्थिति रोजगार की व्यवस्था एवं सामाजिक आर्थिक प्रशासनिक व राजनीतिक तौर पर विकास की दिशा में पिछड़े हुए उन जातियों को मौका मिलेगा, जो संख्या अनुपात में अपना अधिकार प्राप्त नहीं कर पाते थे। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने अपने प्रेस विज्ञप्ति में जाति का जनगणना की घोषणा पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा है कि इस मांग को लेकर वे 6 वर्ष पूर्व से ही पूरे भारत देश में अभियान चला रहे थे। अपने सामाजिक एजेंडा में शामिल इस मांग से संबंधित केंद्र सरकार को कई बार ज्ञापन भी दिया जा चुका है और यह संघर्ष आज साकार होने की दिशा में अग्रसर है, इससे भारत में निवासरत सभी जातियों का जनसंख्या अनुपात में मूल्यांकन हो सकेगा। जहां तक पिछड़े वर्ग की जाति का सवाल है तो हमें प्रसन्नता इस बात की है की यादव जाति पिछड़े वर्ग की जातियों में अब किस नंबर पर है, इसका स्पष्ट तौर पर पता चल जाएगा। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने जाति जनगणना की घोषणा के पश्चात केंद्र सरकार से मांग की है कि इस ऐलान को अमली जामा पहनाने के लिए इस दिशा में बजट की व्यवस्था के साथ शीघ्र ही गणना प्रारंभ कराए जाने आवश्यक पहल किया जाए। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भुनेश्वर यादव, राष्ट्रीय सचिव एवं प्रमुख महासचिव छत्तीसगढ़ इंजीनियर एसडी यादव, राष्ट्रीय सचिव डीआर यादव, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी (छग) नरेंद्र कुमार यादव, राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मंजू यादव, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व संयोजक अहीर रेजिमेंट, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष लक्ष्मी यादव सहित नरेंद्र कुमार यादव प्रदेश प्रमुख महासचिव राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संघ, रामाश्रय यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, कमल यादव, शिव यादव, गणेश यादव, गिरधारी यादव जिला अध्यक्ष जांजगीर चांपा, विनोद यादव जिला अध्यक्ष महासमुंद, जय किशन यादव, बसना से संजय यादव, धनंजय यादव, राजेश यादव, बृजेश यादव, संतोष यादव, कमलेश यादव, पप्पू यादव, अंशुल यादव, संजय यादव, राहुल यादव, पवन यादव ब्लॉक अध्यक्ष, ममता यादव, मिथिलेश यादव, अशोक यादव, जितेंद्र यादव, सरायपाली से संरक्षक मनोरथलाल यादव, दिनेश कुमार यादव, राजेंद्र कुमार यादव राजू, तुषार यादव, ईशान यादव, कोमल यादव, अंबर यादव, मयंक यादव व जिला कार्यकारी अध्यक्ष अनिल यादव रायपुर आदि ने प्रसन्नता जताई है।

## सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य एवं प्रधानाचार्य को दी गई विदाई

**महासमुंद।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर एवं प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर के सेवानिवृत होने पर समिति के सदस्यों द्वारा एवं विद्यालय द्वारा विदाई दी गई। इस अवसर पर आदर्श शिक्षा मंडल समिति के अध्यक्ष राजेश लूनिया, उपाध्यक्ष संध्या शर्मा, सचिव घनश्याम सोनी, कोषाध्यक्ष महेश मक्कड़, समिति के सदस्य महेश चंद्राकर, भूपेंद्र राठौर एवं भारती गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, ओम एवं भारत माता के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य राजश्री ठाकुर ने अनुभव साझा किए। कहा कि विद्या भारती में कार्य करते हुए मुझे 38 वर्ष हो गए, इस अवधि में मुझे विद्यालय से बहुत कुछ सीखने को मिला, जब भी जरूरत पड़ेगी मैं अपनी सेवा विद्यालय को जरूर देती रहूंगी। प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर ने कहा कि विद्यालय में कार्य करते हुए मुझे शिशु वाटिका में बच्चों को पढ़ाने का अच्छा अनुभव हुआ। साथ ही बच्चों को पढ़ाते हुए मातृत्व का भाव हमेशा रहा। विद्यालय में प्रणाम करना, मां सरस्वती की वंदना, विद्यालय में परिवार की तरह रहना, ऐसे ही बहुत कुछ मुझे यहां से सीख मिली। विद्यालय के अध्यक्ष राजेश लूनिया ने कहा कि हमें जब भी आपकी जरूरत पड़ेगी आप हमें सहयोग प्रदान करते रहेंगे। ऐसा आग्रह उनके द्वारा किया गया। भारती गुप्ता ने कहा कि आज का समय है, विदाई का सभी की आंखों में आंसू ला देता है। दोनों दीदियों ने अपने जीवन का ज्यादातर समय विद्यालय को दिया हैं, यह विद्यालय के लिए यादगार रहेगा।

## जातिगत जनगणना मोदी सरकार का ऐतिहासिक निर्णय : सरला

**सरायपाली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया ने अपने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि केंद्रीय कैबिनेट सुरक्षा समिति के बैठक में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में जातिगत जनगणना करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। मोदी के इस ऐतिहासिक निर्णय का पूरे देश ने समर्थन और स्वागत किया है।

जिस जातिगत जनगणना को कांग्रेस सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के कारण आजादी के बाद से नहीं कराई थी, मोदी उस जातिगत जनगणना को कराए जाने के लिए एक झटके में निर्णय लेकर कांग्रेस और विपक्षी दल के नेताओं बहुत बड़ा झटका दिया है। क्योंकि ये सभी दल के नेता जिनकी सरकार लंबे समय तक रही है, वही लोग ही इसका विरोध करते थे। और जब विपक्ष रहे तो जातिगत जनगणना कराए जाने की बात करते थे।

इनका दोहरा चाल और चरित्र को देश की जनता जान चुकी है। सरला कोसरिया ने आगे बताया कि सन 1951 में पहली बार जातिगत जनगणना की शुरुआत की गई थी। परंतु, कांग्रेस को इसका नुकसान होने के डर से और वोट बैंक बनी रहे इसलिए उन्होंने इसे ठंडे बस्ते डाल दिया। कांग्रेस के नेता जो देश के बड़े पदो पर आसीन रहे और जिनकी सरकार आजादी के बाद से लंबे अरसे तक शासन सत्ता में रही ऐसे नेता पंडित जवाहर नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने इस जातिगत जनगणना का विरोध किया करते थे। इसलिए 70 वर्षो तक जातिगत जातिगत जनगणना नहीं करवाई।



देश की भोली भाली जनता को गुमराह करती रही और उसका वोट बैंक के रूप में उपयोग करती रही है। 2004 से 2014 तक देश में गांधी परिवार की रिमोट से चलने वाली मनमोहन सिंह की कांग्रेस की सरकार थी, तब जातिगत जनगणना की बात क्यों नहीं की गई, क्यों सरकार को रिमोट से चलाने वाले कांग्रेसी नेता और गांधी परिवार के लोगों ने नहीं कराया। आज जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जातिगत जनगणना कराने का यह ऐतिहासिक निर्णय लिया, तब कांग्रेसी और विपक्ष के नेता यह तो हमारी 30 वर्षों की मांग थी करके श्रेय लेने में लगे हुए।

कांग्रेसी विधायक हो चाहे कांग्रेसी सांसद जब उन्हें उनके पास करने का अवसर था तब तो करते कुछ नहीं है। परंतु, जब भाजपा के जनप्रतिनिधि और भाजपाशासित सशक्त सरकार कोई निर्णय कोई काम करती है तो श्रेय लेने के लिए।

वही कांग्रेसी और विपक्षी दल के नेता प्रथम पंक्ति में खड़े पाए जाते है। कांग्रेस और विपक्षी दल के नामी गिनामी नेता सिर्फ अपने और अपने परिवार के लोगों को ही पद पर आसीन देखना चाहते है। जबकि, जातिगत जनगणना से बहुतल और जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा और मोदी सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास और सबका विकास के मूलमंत्र के साथ देश को सर्वोच्च शिखर पर ले जाना चाहते है। मोदी सभी जाति और सभी वर्ग के लोगों को विकास के मुख्यधारा से जोड़ रहे है, इसलिए कांग्रेस के पेट में दर्द हो रही है। भाजपा जो बोलती है वह करती है और जो नहीं बोलती है उसे भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ करती है।




### न्यायालय नायब तहसीलदार पिथौरा, जिला- महासमुंद (छ.ग.)

रा.मा.क्र...वर्ष....
ग्राम ...प.ह.नं....
रा.नि.मं. सांकरा/पिथौरा तह. पिथौरा, जिला महासमुंद

**//उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम डूमरपाली के आम नागरिक को सूचित किया जाता है आवेदक थबीर पिता मधु मेहेर जाति भूलिया साकिन डूमरपाली रानिम सांकरा/पिथौरा तहसील पिथौरा जिला महासमुंद द्वारा अपने माता पिता श्रीमती उर्वशी पति मधु मेहेर के दिनांक 26/2/2016 को मृत्यु होने से मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतू आवेदन पेश किया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी सज्जन या संस्था को कोई उजर / दावा / आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 15 दिवस को मेरे समक्ष उपस्थित होकर उजर / दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर / दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 01/05/2025 को मेरे न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार पिथौरा**
**जिला महासमुंद (छ.ग.)**

**खबर संक्षेप**

## इन्द्रावती बचाओ संघर्ष समिति ने माना आभार



**जगदलपुर।** इन्द्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के सचिव सुभाष कश्यप ने किसानों की मुख्य मांगों को लेकर पदयात्रा में समर्थन सभी समाज प्रमुखों राजनीति दल के सभी राजनीतिक का प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन मिला। जो इन्द्रावती नदी से प्रभावित किसानों को मुआवजा व केसीसी ऋण माफ जर्जर एनीकेटों का तत्काल मरम्मत करने की मांग लेकर 40 किलोमीटर तक पदयात्रा किया गया। जिसमें समिलित सभी किसानों व समाज प्रमुखों राजनीति दलों के नेताओं का आभार व्यक्त करती है, इस मुहिम में मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी सामने आ कर किसानों के साथ दमदम से कदम मिलाकर साथ चली है, उन्हें भी पुनः इन्द्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति जिला बस्तर आभार व्यक्त करती है।

## ईश्वराम्मा सप्ताह में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**जगदलपुर।** श्री सत्य साईं सेवा समिति जगदलपुर द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ईश्वराम्मा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जो 30 अप्रैल से 6 मई तक संचालित हो रही है। बुधवार की संध्या कार्यक्रम के अंतर्गत वेद, प्रवचन एवं बाल विकास बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बाल विकास श्री सत्य साईं सेवा संगठन में बच्चों को मानवीय मूल्य एवं आध्यात्मिक ज्ञान का विकास कर बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी मानवीय मूल्य पर ही आधारित किया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने सहर्ष भाग लिया एवं श्रद्धालु शामिल रहे।

# राजस्व प्रकरणों का त्वरित समाधान और जमीन स्तर पर बदलाव की नई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत राजस्व विभाग द्वारा त्वरित समाधान के लिए किए जा रहे पहल प्रशासनिक दक्षता का प्रतीक हैं, बल्कि आम जनता को राहत देने वाले ठोस प्रयास भी हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के सतत मार्गदर्शन में राजस्व विभाग की टीम द्वारा जिस तत्परता से प्रकरणों का समाधान किया जा रहा है, वह सराहनीय है।

सुशासन तिहार के इतर सामान्य दिनों में राजस्व विभाग के समक्ष आने वाले सबसे सामान्य लेकिन जटिल प्रकरणों में सीमांकन की समस्या प्रमुख है। पहले इन प्रकरणों के निराकरण में समय लग जाते थे, जिससे आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लेकिन, सुशासन तिहार के दौरान इन प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान गया। उदाहरणस्वरूप, ग्राम चौकबेड़ा के किसान ब्रज प्रसाद की भूमि का सीमांकन वर्षों से लंबित था, जिससे खेती करना मुश्किल हो गया था। अभियान के दौरान राजस्व विभाग ने दो दिनों के भीतर सीमांकन कर रिपोर्ट प्रदान की, जिससे किसान परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। इसी तरह उपतहसील पटेवा अंतर्गत किसान पंचराम और झाखरमुडा में ग्रामीणों सीमांकन की कारवाई की गई।



इस अभियान की सबसे बड़ी खासियत यह है कि आम जनता में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। लोग अब यह महसूस कर रहे हैं कि उनका शासन उनके द्वार पर है।

बसना के किसान पंचराम ने कहा कि अब हमें तहसील के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, अफसर खुद गांव आकर समाधान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की यह पहल वास्तव में समाधान कारक है। सुशासन तिहार केवल एक प्रशासनिक अभियान नहीं, बल्कि जनता से जुड़ने और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुलझाने की एक सशक्त पहल है। महासमुंद जिले में इस अभियान ने प्रशासन की संवेदनशीलता और जवाबदेही को जमीन स्तर पर सिद्ध करने का प्रयास किया है।

### छोटी-छोटी लेकिन महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान

इस अभियान में केवल बड़े प्रकरणों पर ही नहीं, बल्कि आम जनजीवन से जुड़ी छोटी-छोटी समस्याओं पर भी ध्यान दिया गया। भू-अभिलेख की प्रतिलिपि, सीमांकन रिपोर्ट की प्रति, किसान किताब, भूमि स्वामित्व की त्रुटियों का संशोधन, खातों की अद्यतन जानकारी जैसी मामूली लेकिन समय-संवेदनशील समस्याओं का तत्काल समाधान किया गया जा रहा है।

### किसान किताब और दस्तावेजों का वितरण

अभियान के दौरान राजस्व विभाग द्वारा बसना तहसील अंतर्गत ग्राम डूमरपाली के किसान महेशराम, ग्राम जगत के मीन केतन और राजकुमार को तहसीलदार ममता ठाकुर द्वारा किसान किताब वितरण किया गया। इसके अलावा बागबाहरा के ग्राम तेंदुलोथा के पुरी हरपाल को भी किसान किताब एक सप्ताह के भीतर मिल गया।

## निरीक्षण : पटवारी को बुलवाकर पंचनामा कराने की अपील की

# ओलावृष्टि व बारिश के 10 गांवों में हुए नुकसान का किया मुआयना: अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के नेता अंकित

- नुकसान का सही आंकलन कर मुआवजा जरूर मिले, किसानों से पटवारी बुला पंचनामा बनवाने का आह्वान

बागबाहरा ने ओलावृष्टि हुए गांव का दौरा किया। जिसमें कन्हारपुरी, पाली, चुरकी, तरपोंगी, बोहारडीह, आमानारा, बोईरगांव, झारा, सोरम, खैरटखुर्द के किसानों के साथ खेत में फसलों को हुए नुकसान का मुआयना किया।



अंकित ने बताया कि की रबी फसल बोए किसानों की अर्ली वेरायटी के धानको बहुतायत में नुकसान पहुंचा है। अब तक प्राप्त जानकारी अनुसार खल्लारी विधानसभा के गोंडबहाल, कसहीबाहरा, सोनासिली, दादरगांव, लामी, चितमख़ार, झारा, मुड़ियाड़ीही, खैरटखुर्द, कोमा, बोहारडीह, कन्हारपूरी, बोईरगांव, मोहंदी, पाली, झारा, सोरम, चुरकी, तरपोंगी व अन्य कई ग्रामों में बड़ा नुकसान हुआ है। अंकित ने कहा कि वर्तमान सरकार की बिजली की आंख मिचौली से अपनी फसल को बमुश्किल बचाए, किसानों के लिए ओलावृष्टि व बारिश प्राकृतिक आपदा के रूप में आ खड़ी हुई। उससे किसान फसलों को बचा न सका। अंकित ने सभी किसानों से अपील की है कि जहां भी फसलों को ओलावृष्टि से नुकसान पहुंचा है, वहां पटवारी को बुलवा पंचनामा जरूर करवाएं या संबंधित तहसील में आवेदन दे पावती जरूर लें। अंकित ने ये भी कहा कि ना सिर्फ फसल, यदि घर, छत, पशुओं, पेड़ों को भी नुकसान हुआ हैं तो भी जानकारी दें, पंचनामा अवश्य बनवाएं।

### मुआयना के दौरान उपस्थित ग्रामीण

गांवों में मुआयना के दौरान किसान चयन चंद्राकर, इंद्रा चौहान, परदेशी ध्रुव, देववती ध्रुव, पाली गंगा प्रसाद भोंसले, द्वारकाप्रसाद ध्रुव, सावित्री ध्रुव, विपिन चंद्राकर, अश्विनी अग्रवाल, बालाराम लोधी, चंदूलाल साहू, संपत लाल टंडन, जीवन लाल कुर्रे, सुदीप कठोलिया, विनोद भारद्वाज, कौशल्या बाई दीवान, चोवा राम दीवान, जमुना लाल दीवान, सोहन दीवान, उदेराम भूषण साहू, विशवनाथ विश्वकर्मा, दीपक साहू, माखन साहू, चंदन चंद्राकर, ओमप्रकाश साहू, खिलावन विश्वकर्मा, संतराम यादव, खेमराज यादव, लखन यादव, उमेश कुमार भारद्वाज, मार्शल भारद्वाज, लाल सिंह, लाल सिंग यादव, मालिक राम, ताजेश डीडी, चंद्रकुमार केसरिया, चूड़ामणि, डेरहा यादव, जुक्सिंग यादव, विकास, मोतीराम दीवान, बुद्धेश्वर धृतलहरे, जगत पाल मन्नाडे, भेकलाल धृतलहरे, पंचराम मार्कण्डे, धरम साहू, जेठू निषाद, आनंद राम ठाकुर, बुद्धदेव पटेल, सुखवंतीन बरिहा, सोनालाल बरिहा, बहादुर, राकेश ठाकुर, बोईरगांव हेमंत साहू ,आसकरण निर्मलकर, झम्मम साहू, लेखराज निर्मलकर, मुकेश निषाद, हेतु राम साहू, लेखराम, ओमप्रकाश, श्यामलाल, दुवान निषाद, थामस भारती, राजकुमार दीवान, किशनलाल, ओमप्रकाश, नोहर धृतलहरे, यादराम भातपहरी, युगेश्वर ढहरिया, देवेंद्र बंजारे, भुंजिया इतवारी , केवल चंद्राकर, सुखनंदन साहू, देवाराम साहू, संतोष चंद्राकर, जोधन चक्रधारी, गंगा राम साहू, नरेंद्र चेलक, धर्मेंद्र साहू, धनेश्वर साहू, सखाराम चौहान, नूतन साहू, तुलसी चक्रधारी, गणपत साहू, छबी साहू आदि किसान उपस्थित रहे।

# भारत के सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने जातिगत जनगणना के निर्णय का किया स्वागत

छत्तीसगढ़ भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने आगामी राष्ट्रीय जनगणना में जाति गणना को शामिल करने के निर्णय को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का ऐतिहासिक निर्णय बताया है।

उन्होंने कहा कि इस फैसले से देश के लोगों को बहुत लाभ होगा। क्योंकि, प्रत्येक जाति की वैज्ञानिक और सटीक जाति जनगणना सही तरीके से दर्ज की जाएगी। जिससे किसी भी समुदाय के हितों को नुकसान पहुंचाए बिना आरक्षण के निष्पक्ष कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त होगा। केंद्र के इस निर्णय से पिछड़ों सहित हाशिए पर चल रहे जातियों को उनका अधिकार मिल सकेगा। अब तक अनुसूचित जनजातियों के आंकड़ों को छोड़कर, राष्ट्रीय स्तर पर कोई आधिकारिक जाति गणना नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सटीक आंकड़ों के अभाव में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अन्य हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए कल्याणकारी नीतियों के निर्माण और



कार्यान्वयन में बाधा उत्पन्न हुई है। 94 वर्षों बाद इस प्रक्रिया को पुनर्जीवित करने का मोदी सरकार का निर्णय साक्ष्य आधारित शासन और पारदर्शिता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह साहसिक और पारदर्शी कदम सामाजिक न्याय, सूचित नीति निर्माण और भारत के सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा ने आगे कहा कि भारत में आखिरी व्यापक जाति जनगणना 1931 में ब्रिटिश सरकार द्वारा की गई थी। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि सत्ता में रहते हुए जाति आधारित जनगणना की उपेक्षा करना और निजी संस्था के माध्यम से एकत्र किए गए जातिगत आंकड़ों को जारी न करना, कांग्रेस पार्टी का पाखंड है। आजादी के बाद से, कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों ने कभी भी जनसंख्या गणना के दौरान जातिगत आंकड़ों को शामिल नहीं किया। चंद्राकर ने सभी राजनीतिक दलों, जाति-आधारित संगठनों, बुद्धिजीवियों और शिक्षाविदों से राजनीतिक हितों से ऊपर उठकर इस पहल का समर्थन करने की अपील की।

## गुड्डा-गुड्डी की शादी



**नर्रा।** परसुली में अक्षय तृतीया पर्व पर गुड्डा-गुड्डी का विवाह बड़ी धूमधाम से रचाया गया। जिसमें कौशिल्या पटेल, भूमिका पटेल, राधा पटेल, जिज्ञासा पटेल, करुना पटेल, ऋतु पटेल, भारती पटेल, खुशबू पटेल, पिंकी पटेल, पायल, भावनी, लीना, अन्नू, सुमन, दीपाली, सुमित्रा दुलेश्वरी, देविका आदि शामिल रहे।

# पीएम आवास योजना ग्रामीण समन्वयक पद में अनुसूचित जाति के आरक्षण बदलने पर आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सर्व अनुसूचित जाति समाज के सलाहकार दिनेश बंजारे व जिलाध्यक्ष रेखराज बघेल ने जिला पंचायत सीईओ एस आलोक से मिलकर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के समन्वयक पद में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट को दूसरे वर्ग में बदलने पर आपत्ति जताते हुए भर्ती प्रक्रिया निरस्त कर अजा वर्ग की अभ्यर्थी नियुक्त करने की मांग किया।लिखित शिकायत में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण विकास भवन प्रथम तल सेक्टर 19 नार्थ ब्लॉक छग अटल नगर रायपुर के पत्र क्रमांक 1127, 3 सितंबर 2024 के अनुसार जिला व विकासखंड स्तर के 192 संविदा की विभिन्न रिक्त पदों पर आरक्षण रोस्टर अनुसार सुची जारी कर भर्ती करने 18 सितंबर 2024 तक आवेदन मंगाने विज्ञापन जारी किया गया था। जिसमें विकासखंड समन्वयक पद महासमुंद जिला के बसना जनपद के लिए अनारक्षित व सरायपाली जनपद के लिए अनुसूचित जाति मुक्त आरक्षित थी। जिससे कार्यालय जिला पंचायत महासमुंद (छग) के प्रेस विज्ञप्ति 5919, 30 सितंबर 2024 के अनुसार राज्य द्वारा रोस्टर नियम का पालन नहीं करने का हवाला देकर बसना जनपद के 1 पद अनारक्षित को यथावत रखा गया। परंतु, सरायपाली जनपद के लिए आरक्षित अनुसूचित जाति को बदल कर अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त कर दिया गया। यदि राज्य कार्यालय द्वारा जारी विज्ञापन में रोस्टर नियम का पालन नहीं किया गया था तो बसना जनपद का क्यों नहीं बदला गया? चूंकि, जिला के पांच जनपद में से एक अनुसूचित जाति के लिए पूर्व में कार्यरत थे, जिसके इस्तीफा देने के बाद अनुसूचित जाति वर्ग से भरा जाना था। लेकिन, जिला पंचायत द्वारा गलत रोस्टर अपनाकर पूरे जिला के पांच जनपद में अनुसूचित जाति विहीन कर दिया गया है, जो अनुसूचित जाति वर्ग के साथ घोर अन्याय है।

# कन्या में पोमेश्वरी व बालक शाला में मुकेश प्रथम



**नर्रा।** ग्राम नर्रा के शासकीय बालक व कन्या प्राथमिक शाला नर्रा में वार्षिक परीक्षा परिणाम विधिवत घोषित किया गया। इस वर्ष प्राथमिक परीक्षा परिणाम बोर्ड परीक्षा के तर्ज पर केन्द्रीयकृत परीक्षा आयोजित किया गया था। जिसमें शासकीय कन्या प्राथमिक शाला नर्रा में पोमेश्वरी बेलदार 85.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान पर रही। सीमा बेलदार 84 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय व ज्योति निषाद 81 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार शासकीय बालक प्राथमिक शाला नर्रा में मुकेश कुमार यादव 84 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम, सत्यम निषाद 83 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान व खोमन बेलदार 82 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार स्थानीय कक्षाओं का परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक श्रवण कुमार ठाकुर, प्रधान पाठक डिगम लाल साहू, सहायक शिक्षिका कुंती दीवान, सहायक शिक्षक मनीष कुमार यादव ने हर्ष जताया। ग्रीष्मावकाश में गर्मी से बचने एवं समय का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित भी किया।



## आम आदमी पार्टी की हुई बैठक

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के महासचिव जसबीर सिंह के महासमुंद आगमन पर सर्किट हाउस लभरा में बैठक हुई। इस दौरान संगठन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। ब्लॉक स्तरीय, पंचायत स्तरीय, तहसील विधानसभा स्तरीय आम आदमी पार्टी का सब संगठन नए तरीके से विस्तार किया जाएगा और आने वाले समय में किसी प्रकार का चुनाव हो, किसी मुद्दे पर सरकार को घेरना हो तो बड़ा संगठन जो है कार्य करेगा। अब आने वाला चुनाव चाहे वो प्रदेश का हो, देश हो आम आदमी पार्टी बगैर किसी से गठजोड़ के अकेले अपने दम पर लड़ेगी। पूरे प्रदेश स्तरीय दौरा पार्टी का चल रहा है। जिसमें 33 जिलों का भ्रमण किया जाएगा। साथ में मिथिलेश बघेल प्रदेश अध्यक्ष महिला संगठन, ताजेंद्र टांडे संगठन मंत्री, महेश यादव लोकसभा प्रमुख, मोहन चक्रधारी रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष, राजा सिंह ठाकुर पूर्व जिलाध्यक्ष गरियाबंद, महासमुंद जिलाध्यक्ष राकेश झाबक, संजय यादव उपाध्यक्ष, महिला जिला अध्यक्ष मेघा चंद्राकर, जिला संगठन में गीतांजलि देवांगन, हेमलाल साहू, दिलीप साहू, पुणा राम निषाद, जितेंद्र साहू, राम दास प्रसाद एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण ले रहे स्कूली विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

शासकीय कुलदीप निगम उच्च माध्यमिक विद्यालय नर्रा में समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक के छात्रों का प्रशिक्षक जयंत कुमार साहू एवं अरविंद कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में इंटर्नशिप एवं ऑन जॉब ट्रेनिंग कराया जा रहा है।

जिसमें संस्था के व्यवसायिक प्रशिक्षक जयंत साहू ने बताया कि स्कूली छात्र-छात्राओं का उनके व्यावसायिक सिलेबस के अनुसार समर वोकेशन में व्यवहारिक एवं प्रायोगिक ज्ञान देने के उद्देश्य से नजदीकी ऑटोमोबाइल शोरूम न्यू गुरुनानक बजाज एवं प्रियंका हीरो मोटर्स में छात्रों का प्रशिक्षण कराया जा रहा है। इसी तरह से इलेक्ट्रॉनिक के छात्रों का मां शारदा इलेक्ट्रॉनिक एवं मोबाइल शॉप में प्रशिक्षण कराया जा रहा है। केंद्रीय मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा कौशल विकास को समग्र शिक्षा से एकीकृत करने के उदेश्य से छात्रों का कौशल योग्यता एवं उद्यमिता का विकास हुआ है।



# एक राष्ट्र-एक चुनाव को बताया राष्ट्र की जरूरत, संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के कॉलेज रोड स्थित स्वाध्याय केंद्र में बुधवार को एक राष्ट्र-एक चुनाव पर छत्तीसगढ़ महतारी सेवा समिति द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने एक राष्ट्र एक चुनाव पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम के वक्ता गुलाब ठाकुर ने संवैधानिक पक्ष को रखते हुए कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव समृद्धशाली और विकसित भारत के नीव के रूप में कार्य करेगी। साथ ही इससे संसाधन, समय जैसे अन्य आवश्यक चीजों की बचत भी होगी। आज देश में अलग-अलग चुनाव होने के कारण हर वर्ष या वर्ष में 2 से 3 बार चुनाव होते हैं। इसलिए एक राष्ट्र एक चुनाव होना चाहिए। एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा का उद्देश्य मतदाताओं को एकजुट करने में क्षेत्रवाद, जातिवाद और सांप्रदायिकता के विभाजनकारी प्रभाव को कम करना है। ये मौजूदा समय की महत्त्वपूर्ण आवश्यकता है। राष्ट्रीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर और एकीकृत चुनावी एजेंडे को बढ़ावा देकरए एक साथ चुनाव संकीर्ण हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं।





एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर वक्ता देवेंद्र दुबे ने कहा कि बार-बार चुनाव होने से राष्ट्र को कई तरह ही हानि होती है। एक राष्ट्र एक चुनाव तर्कपूर्ण है। यह निर्णय अगर लिया जाता है तो यह स्वागत योग्य होगा। बार बार चुनाव, प्रशिक्षण, पोस्टिंग, आचार संहिता से विकास कार्य तो बाधित होता ही है, कर्मचारी भी खिन्न रहते हैं। एक चुनाव से विकास को गति मिलेगी। वक्ता संदीप दीवान ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव होने से कई बार लगने वाले आचार संहिता से राहत मिलेगी। लंबे समय तक आचार संहिता होने के कारण विकास संबंधी कार्य धीमी हो जाती है। एक राष्ट्र एक चुनाव होने से विकास की रफ्तार और बढ़ जाएगी। केवल सरकार ही नहीं पूरे देश को इस बारे में विचार करना होगा और इसका समर्थन करना होगा।

### भारत, संघर्षशील राष्ट्र

वक्ता भूपेंद्र राठौर ने कहा कि भारत एक संघर्षशील राष्ट्र है, हमारा देश लोकतंत्र को पोषण देने वाला है। उन्होंने आगे कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव का विरोध करना अर्थात संविधान का विरोध करना है। एक राष्ट्र एक चुनाव हमारे देश के लोकतंत्र के लिए भी काफी महत्वपूर्ण है। अलग अलग चुनाव होने से लगातार समस्याएं आती हैं। इनसे बचने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव लागू होना चाहिए। आजकल चुनावों में होने वाले खर्च लागतार बढ़ रहे हैं। हालांकि, चुनाव आयोग द्वारा प्रत्येक चुनाव के लिए प्रत्याशियों की खर्च सीमा तय की गई है। फिर भी लोक लुभावन के कारण प्रत्याशी अप्रत्याशित खर्च करते हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव होने से इस पर भी अंकुश लगेगा। वक्ता अखिलेश लूनिया ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव की जानकारी आमजन में काफी कम है, इसलिए इस विषय को हर मोहल्ले हर गली और हर घर तक पहुंचाना है। इससे एक राष्ट्र एक चुनाव की मांग को काफी जनसमर्थन भी प्राप्त होगा।

